आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.03.2025   समय : 1905

- आज विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जा रहा है–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रत्येक प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि दृष्टिबाधित लोगों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता।
- द्वीपों के पर्यटन में वृद्धि–वर्ष दो हजार चौबीस में घरेलू पर्यटकों की संख्या में एक सौ बीस प्रतिशत और विदेशी पर्यटकों की संख्या में सत्ताईस प्रतिशत।
- भोपाल में आज से बयालीसवीं राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन–द्वीपसमूह से दस खिलाड़ी शामिल।

<><><><><><><>

आज विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन वन्य जीवों और पौधों के संरक्षण के लिए मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने देश में वन्यजीव संरक्षण के लिए कई पहल की हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से कई नीतियों, विधायी उपायों और पहलों की एक व्यापक रूपरेखा बनाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी लोगों से अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आग्रह किया है। आज विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री मोदी ने आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने भविष्य की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक प्रजाति पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और ग्रह के संरक्षक के रूप में, आने वाली पीढ़ियों के लिए अपना भविष्य सुनिश्चित करना हर किसी की जिम्मेदारी है। श्री विजयपुरम के अवकाश प्राप्त प्रभागीय वन अधिकारी भानुप्रताप यादव ने वन्यजीव दिवस मनाने पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें जैवविविधता को सुरक्षित करने में अपना योगदान देना चाहिए।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने आज एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि दृष्टिबाधित लोगों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता है। न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और आर. महादेवन की एक पीठ ने छह याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा था। फैसले की घोषणा करते हुए, न्यायाधीश महादेवन ने कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के साथ न्यायिक सेवाओं में भर्ती के मामले में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

<><><><><><><>

कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि सरकार ने देश में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा बनाए रखने के लिए भारतीय कानूनों में संशोधन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कई बड़े कदम उठा रही है। श्री मेघवाल ने आज महिलाओं से संबंधित साइबर कानून और साइबर जागरूकता कार्यक्रम पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं के लिए साइबर कानूनों से जुडे प्रमुख सुधारों पर चर्चा करना है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल के उन्नयन और द्वीपसमूह में पर्यटन बुनियादी ढांचे के साथ द्वीपसमूह में पर्यटन गतिविधियों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। श्री विजयपुरम, ब्लू फ्लैग प्रमाणित समुद्र तट और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों के लिए पहली अनुसूचित अंतर्राष्ट्रीय उड़ान की शुरूआत ने द्वीप के पर्यटन विकास को और बढ़ा दिया है, जिससे दुनिया भर से पर्यटक यहां आ रहे हैं और यह दुनिया के सबसे आकर्षक स्थानों में से एक बन गया है। दो हजार चौबीस में द्वीप पर्यटन क्षेत्र ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसमें दो हजार तेईस की तुलना में घरेलू आगमन में एक सौ बीस प्रतिशत और विदेशी पर्यटकों के आगमन में सत्ताईस प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल और बाराटांग चूना पत्थर की गुफाओं जैसे प्रमुख पर्यटक आकर्षणों में दो हजार चौबीस में अधिक वृद्धि देखी गई। राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में लाईट एंड साउंड शो में भाग लेने वाले आगंतुकों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि देखी गई, दो हजार चौबीस में चार लाख सत्रह हजार नौ सौ चवालीस लोगों ने शो देखा, जबकि दो हजार तेईस में यह संख्या दो लाख सड़सठ हजार तीन सौ सत्ताईस थी। राधानगर तट को प्रतिष्ठित ब्लू फ्लैग से प्रमाणित किया गया है और टाईम्स मैगज़ीन द्वारा इसे एशिया का सर्वश्रेष्ठ तट घोषित किया गया है। आगामी अक्तूबर तक पांच अतिरिक्त समुद्र तटों को ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त होने वाला है। इनमें लांग आइलैंड में लालाजी बे, रंगत में रमन बागीचा, मायाबंदर में करमाटांग, डिगलीपुर में रामनगर और लिटिल अंडमान बटलर बे शामिल हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की नवनियुक्त महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जुबैदा बेगम के नेतृत्व में प्रदेश महिला कांग्रेस ने श्री विजयपुरम स्थित गांधी भवन में "महिला सम्मेलन" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली की पूर्व विधायक अलका लांबा, राजस्थान की पूर्व विधायक शफिया जुबैर, प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदर और अन्य नेता उपस्थित थे। सम्मेलन के दौरान जुबैदा बेगम ने पद की शपथ ली और क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने और संगठन को मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर अलका लांबा ने राजनीति और समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और महिला कांग्रेस सदस्यों से लैंगिक समानता और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण की दिशा में काम करने का आग्रह किया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा गांधी भवन में नए महिला कांग्रेस कार्यालय का उद्‌घाटन भी किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार, सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल अनिवार्य करते हुए, आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से आज अंडमान लोक निर्माण विभाग में बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के बाद डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पर्यवेक्षकों ने मॉक ड्रिल के निष्कर्षों और कमियों के बारे में बताया। संसाधन विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया गया कि वे अपनी तैयारियों की नियमित जांच करें और निकट भविष्य में किसी भी संकट से निपटने के लिए अपनी टीमों को सुरक्षा उपायों पर बुनियादी कौशल के साथ प्रशिक्षण प्रदान करें।

<><><><><><><>

भोपाल स्थित मध्य प्रदेश वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में आज से बयालीसवीं राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। इस प्रतियोगिता में तेईस राज्यों के लगभग पांच सौ प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चौदह इवेंट होंगे। फाइनल प्रतियोगिता सात मार्च को होगी। द्वीपसमूह से भी दस प्रतिभागी चैम्पियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें से एक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं।

<><><><><><><>

गाराचरमा के डॉ. एस राधाकृष्णन ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं के लिए चेस–इन–स्कूल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डाइट में कार्यक्रम कल सुबह नौ बजे कॉलेज के सभागार में शुरू होगा।

**<><><><><><><>**